**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–25.01.2025 (संध्या 1845 बजे)**

**मुख्य समाचार**

- **छिहत्तरवें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अब से थोड़ी देर बाद शाम 7 बजे से करेंगी राष्ट्र को संबोधित।**
- **राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में राजकीय गणतंत्र दिवस समारोह में फहराएंगे राष्ट्रीय ध्वज, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन उपराजधानी दुमका में गणतंत्र दिवस समारोह में करेंगे झंडोतोलन।**
- **राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर राज्यपाल ने चार जिलों के उपायुक्तों के अलावा कई पुलिस पदाधिकारियों और बीएलओ को किया सम्मानित, राज्यभर में कई कार्यक्रमों का हुआ आयोजन।**
- **केंद्रीय राज्य मंत्री शांतनु ठाकुर ने हजारीबाग में आकांक्षी जिला योजना की समीक्षा की, विकास योजनाओं के कार्यान्वयन में सुधार और शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर काम करने पर दिया जोर।**
- **झारखंड पुलिस के 12 पुलिस पदाधिकारियों को उत्कृष्ट सेवा के लिए मिला मेधावी सेवा मेडल, गृह मंत्रालय ने की घोषणा, डीजीपी अनुराग गुप्ता ने दी बधाई ।**

*******************

छिहत्तरवें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अब से थोड़ी देर बाद शाम सात बजे राष्ट्र को संबोधित करेंगी। यह संबोधन आकाशवाणी के पूरे राष्ट्रीय नेटवर्क पर और दूरदर्शन के सभी चैनलों पर हिंदी तथा अंग्रेजी में प्रसारित किया जाएगा। दूरदर्शन पर हिंदी और अंग्रेजी में संबोधन के बाद दूरदर्शन के क्षेत्रीय चैनलों पर भी इसका प्रसारण किया जाएगा। आकाशवाणी अपने क्षेत्रीय नेटवर्क पर रात साढे नौ बजे से इसका प्रसारण करेगा। आकाशवाणी और दूरदर्शन कल कर्तव्य पथ से छिहत्तरवें गणतंत्र दिवस परेड का सीधा प्रसारण करेंगे। ये प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क के साथ–साथ ओटीटी प्लेटफॉर्म–वेब्स पर भी किया जाएगा।

*******************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में राजकीय गणतंत्र दिवस समारोह में कल सुबह नौ बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। इसे लेकर पुलिस प्रशासन ने एक हजार पुलिसकर्मियों को तैनात किया है, जिसमें आरएएफ, जैप सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल होंगे। इस दौरान सुरक्षा के मद्देनजर रांची के ट्रैफिक में भी बदलाव किया गया है। इधर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन उपराजधानी दुमका के पुलिस लाइन मैदान में गणतंत्र दिवस समारोह में झंडोतोलन करेंगे।

*******************

आज नई दिल्ली में 15 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि भारत लोकतंत्र की जननी है और देश में लोकतांत्रिक प्रक्रिया प्राचीन काल से चली आ रही है। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने झारखंड को **बेस्ट परफॉर्मिंग स्टेट** के राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने यह पुरस्कार नई दिल्ली में आयोजित समारोह में प्राप्त किया। जनरल कैटेगरी की श्रेणी में पूर्वी सिंहभूम के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल को राष्ट्रीय पुरस्कार दिया गया। श्री कुमार ने इस उपलब्धि का श्रेय सभी मतदाताओं, निर्वाचन कर्मियों, सुरक्षा बलों, राजनीतिक दलों और मीडिया को दिया।

*******************

राज्यभर में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कई कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इस अवसर पर आज रांची के आर्यभट्ट सभागार में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने वरिष्ठ और दिव्यांग मतदाताओं को सम्मानित किया, साथ ही उन्होंने लोकसभा और विधानसभा चुनाव में उत्कृष्ट और शांतिपूर्ण निर्वाचन कार्य करने के लिए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों और बीएलओ को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि इस वर्ष के राष्ट्रीय मतदाता दिवस का थीम लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने वाला है। इधर गिरिडीह, गुमला, डाल्टनगंज, सराइकेला खरसावाँ, लोहरदगा, जामताड़ा में भी मतदाता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित हुए।

*******************

केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग राज्यमंत्री शांतनु ठाकुर ने हजारीबाग में नीति आयोग अंतर्गत संचालित आकांक्षी जिला योजना की समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से योजनाओं की स्थिति पर जानकारी ली, साथ ही शिक्षा और जंगल से जुड़ी समस्याओं के समाधान पर जोर दिया। मौके पर श्री

ठाकुर ने उपायुक्त नैंसी सहाय के काम की प्रशंसा करते हुए केंद्र और राज्य के सहयोग से बेहतर विकास का आश्वासन दिया।

************************

राजधानी रांची में भाजपा के 15 दिवसीय संविधान गौरव दिवस के समापन के अवसर पर राष्ट्रीय प्रवक्ता गुरु प्रकाश पासवान और पूर्व विधायक अमर कुमार बावरी ने संयुक्त रूप से संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया द्य संविधान गौरव अभियान पर बोलते हुए श्री पासवान ने संविधान को 21वीं सदी का महान ग्रंथ बताया, साथ ही उन्होंने महाराष्ट्र चुनाव में बाबा साहब अंबेडकर के प्रति जनता की आस्था का जिक्र किया।

************************

झारखंड पुलिस के 12 पुलिस पदाधिकारियों को उत्कृष्ट सेवा के लिए गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा मेधावी सेवा मेडल, से सम्मानित किया जाएगा। इन में महानिरीक्षक डॉक्टर माइकल राज और अन्नेपु विजयलक्ष्मी, उप पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार सहित दो हवलदार, चार सहायक पुलिस उपनिरीक्षक, दो सिपाही और एक निरीक्षक शामिल हैं। गृह मंत्रालय की इस घोषणा के बाद डीजीपी अनुराग गुप्ता ने सभी पदक प्राप्त करने वाले पुलिस पदाधिकारियों को बधाई दी है।

*********समाप्त*********